Seventeenth Loksabha

p>

Title:

श्री गजेंद्र उमराव सिंह पटेल (खरगौन): माननीय अध्यक्ष जी, बहुत-बहुत धन्यवाद।

मेरा संसदीय क्षेत्र खरगौन-बड़वानी, जो मध्य प्रदेश का एक जनजातीय लोक सभा क्षेत्र है। वहाँ पर स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर काफी असुविधाएँ हैं। मैं आपके माध्यम से माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी का आभार व्यक्त करता हूँ। मैंने पिछली बार बड़वानी के जिला चिकित्सालय में 200 बेड्स बढ़ाने की माँग केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से की थी और तत्काल इसकी स्वीकृति दी गई थी। मैं बड़वानी जिले की लाखों जनता की ओर से स्वास्थ्य मंत्री जी को धन्यवाद देता हूँ और उनका आभार भी व्यक्त करता हूँ।

पुन: मैं एक और माँग करता हूँ, जिसकी काफी कमी मेरे जनजातीय क्षेत्र में है। बड़वानी और खरगौन लोक सभा क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज की माँग लम्बे समय से चली आ रही है। मेरे क्षेत्र की ओर से दोनों जिलों के प्रस्ताव प्रस्तावित हैं, वहाँ मेडिकल कॉलेज शीघ्रातिशीघ्र खोला जाए।

आपके माध्यम से माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी से यह मेरी माँग है। आपका हृदय से आभार एवं धन्यवाद।